दिनांक 04.05.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सासाराम जिलान्तर्गत नोखा प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-

<u>उपस्थितिः-</u>

(i) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **अध्यक्ष**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री अरविन्द कुमार सिंह,** - **सदस्य**
अधीक्षण अभियंता,
भवन अंचल, आरा।

(iii) **श्री राजेश कुमार सिंह,** - **सदस्य**
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सासाराम।

1	कार्य का नाम	- सासाराम जिलान्तर्गत नोखा प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य।
2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का	- ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)
3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	- ₹10,70,27,300/- (मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-1090(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025)
4	परिमाण विपत्र की राशि	- ₹ 10,64,40,842/- (असैनिक कार्य)
5	निविदा की राशि	- ₹ 12,87,01,586/-
6	निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग	- पी0आर0संख्या-025753(भ0) 25-26 हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक-12.03.2026 में प्रकाशित।
7	निविदा आमंत्रण की तिथि	- 07.03.2026
8	प्री-बीड की बैठक की तिथि	- 24.03.2026 / 28.03.2026
9	निविदा की तिथि	- 08.04.2026
10	निविदा खोलने की तिथि	- 09.04.2026
11	<u>निविदादाता का नाम एवं पता</u>	- (1) बैजनाथ निर्माण इंडिया प्रा0 लि0, ईस्ट गॉधी मैदान, जहानाबाद (Reg. No.- 1210120, Class-I, RWD) । (2) मदन मोहन तिवारी, नोखा, रोहतास (Reg. No.- 1220077, Class-I, BCD) । (3) मे0 शिवा फैब इण्डिया, सासाराम, रोहतास (Reg. No.- 1240169, Class-I, BCD) ।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

इस निविदा में एकमात्र निविदाकार सफल होने के कारण वित्त विभाग के पत्रांक-7806 दिनांक-30.09.2016 के आलोक मे निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-26.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-

दिनांक 04.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सासाराम द्वारा निविदा मे शामिल कुल तीन निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहूत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहूत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीन निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गया:-

प्रथम निविदाकार बैजनाथ निर्माण इंडिया प्रा0 लि0, ईस्ट गॉधी मैदान, जहानाबाद (Reg. No.- 1210120, Class-I, RWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

द्वितीय निविदाकार मदन मोहन तिवारी, नोखा, रोहतास (Reg. No.- 1220077, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

तृतीय निविदाकार मे0 शिवा फैब इण्डिया, सासाराम, रोहतास (Reg. No.- 1240169, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

इस प्रकार तीन निविदाकार को तकनीकी बीड में **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

13 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय:-**

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) बैजनाथ निर्माण इंडिया प्रा0 लि0, ईस्ट गॉधी मैदान, जहानाबाद (Reg. No.-1210120, Class-I, RWD) (2) मदन मोहन तिवारी, नोखा, रोहतास (Reg. No.-1220077, Class-I, BCD) (3) मे0 शिवा फैब इण्डिया, सासाराम, रोहतास (Reg. No.-1240169, Class-I, BCD) को सफल घोषित किया गया, साथ ही निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-10.05.2026 के पूर्वाहून 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

ह0/-	ह0/-	ह0/-
(राजेश कुमार सिंह)	(अरविन्द कुमार सिंह)	(मनोज कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता,	अधीक्षण अभियंता,	मुख्य अभियंता (द0),
भवन प्रमंडल, सासाराम।	भवन अंचल, आरा।	भवन निर्माण विभाग,
		बिहार पटना।

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-65/2025..1201 S..... पटना/दिनांक..04/5/26

प्रतिलिपि:- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/05/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 160